# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–05.10.2023 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान और मध्य प्रदेश दौरे के कम में करोड़ों रूपये की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उदघाटन।**
- **राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में बत्तीस प्रस्तावों को स्वीकृति, कैंसर का इलाज करनेवाले अस्पतालों को अब सरकार को रोगियों की जानकारी देना अनिवार्य।**
- **जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कल से झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर, सात अक्टूबर को जमशेदपुर में आयोजित आदि महोत्सव में होंगे शामिल।**
- **विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने रांची में किया क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के भवन का शिलान्यास, कहा–सरकार की सोच हर लोकसभा क्षेत्र में पासपोर्ट बनाने की मिले सुविधा।**

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान और मध्य प्रदेश दौरे के क्रम में करोड़ों रूपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने सरकारी आंकड़ों से 11 करोड़ फर्जी नाम हटा दिये, जो खजाना लूटने का रास्ता बना रहे थे। उन्होंने टिप्पणी की कि उनकी सरकार ने जन धन, आधार और मोबाइल के उपयोग के माध्यम से दो लाख पचास हजार करोड़ रुपये से अधिक की चोरी होने से बचाई है।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई राज्यमंत्रिपरिषद की बैठक में कुल बत्तीस प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद मंत्रिमंडलीय सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए चार हजार तीन सौ इक्यावन ग्राम पंचायतों में चापानल लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंसर रोगियों का इलाज कर रहे राज्य के सरकारी और निजी अस्पतालों को अब राज्य सरकार को सिविल सर्जन के जरिये डाटा उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को 11 अक्टूबर को यूनिवर्सिटी की नई बिल्डिंग के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों से भी अवगत कराया।

****************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के सातवें चरण के तीसरे दिन आज गढ़वा जिले के श्रीबंशीधर नगर के पीडब्लूडी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गलत तरीक़े से नामी–बेनामी संपति अर्जित किया है। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और अपराध चरम पर है। उन्होंने केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर प्रधानमंत्री आवास का लाभ गरीबों को मिला है, जिससे अब गरीब भी पक्के मकान में रहने लगे हैं। श्री मरांडी ने गढ़वा में भी एक जनसभा को संबोधित किया।

****************

राज्य के किसानों को प्राकृतिक आपदा से हुए फसल नुकसान की भरपाई के लिए झारखंड फसल राहत योजना चलायी जा रही है। इसके तहत किसानों को प्रति एकड़ चार हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके लिए आवेदन भरने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। इस बार कम बारिश के कारण सूखे से नुकसान का सामना करना पड़ा

****************

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी0 मुरलीधरन ने आज रांची के नयासराय में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के भवन की आधारशिला रखी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के निर्माण में करीब अड़तालीस करोड़ रूपये खर्च आएगा। इस मौके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि पासपोर्ट बनाने की सुविधा में तेजी आई है। पिछले 09 साल में देशभर में लोगों को जिलास्तर पर पासपोर्ट सुविधा मिली है। झारखंड में 14 पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र खोला गया है। जल्द ही गोड्डा में 15वां पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सोच है कि हर लोकसभा क्षेत्र में पासपोर्ट बनाने की सुविधा मिले।

****************

जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कल से झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। श्री मुंडा कल शाम रांची पहुंचेंगे और सात अक्टूबर को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आयोजित आदि महोत्सव के उदघाटन समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद वे रांची लौट आएंगे। श्री मुंडा आठ अक्टूबर को दिल्ली वापस लौट जाएंगे।

****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज आर्च बिशप फादर फेलिक्स टोप्पो ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के अंतिम संस्कार की धर्म विधि 11 अक्टूबर को पूरी की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन से हम सभी काफी दुखी हैं। उनका निधन हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है। गौरतलब है कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का कल निधन हो गया था।

****************

कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का अंतिम संस्कार संत मरिया महागिरजाघर में 11 अक्तूबर को होगा। तब तक उनका पार्थिव शरीर मांडर स्थित कांस्टेंट लीवंस अस्पताल में ही सुरक्षित तरीके से रखा जायेगा। दफन संस्कार से पूर्व 10 अक्तूबर को अंतिम यात्रा के साथ पार्थिव शरीर पुरूलिया रोड स्थित संतमरिया महागिरजाघर में लाया जायेगा, जहां दिन के 3 बजे से लेकर 11 अक्तूबर दिन के 12 बजे तक विश्वासी उनका अंतिम दर्शन कर सकेंगे। 12 बजे के बाद लोयला मैदान में धर्मविधि होगी। इसके बाद शाम में महागिरजाघर के परिसर में दफन संस्कार संपन्न होगा। यह निर्णय आज आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो की अंध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया।

****************

एंटी करप्शन ब्यूरो, एसीबी पलामू की टीम ने आज मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में चार हजार रूपये रिश्वत लेते सिटी मैनेजर अनिल उरांव और सर्वेयर राकेश कुमार को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम ने दोनों को कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दोनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किश्त जारी करने में रिश्वत मांगने का आरोप है।

****************

चीन में खेले जा रहे 19वें एशियाई खेलों के 12वें दिन आज भारत ने अब तक तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है। तीरंदाजी के कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक मिला है। फाइनल में भारत के ओजस देवतले, अभिषेक वर्मा और जावकर प्रथमेश समाधान की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया। उधर, महिला कंपाउंड स्पर्धा में ज्योति सुरेखा, परनीत और अदिति की तिकड़ी ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक जीता। स्क्वॉश  डबल्स फाइनल में दीपिका पल्लीकल और हरिन्दर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पुरूष सिंगल्स में भारत के सौरव घोषाल ने रजत पदक हासिल किया। वहीं कुश्ती में अंतिम पंघाल ने कांस्य पदक जीत लिया है। भारत 21 स्वर्ण, 32 रजत और 33 कांस्य सहित कुल 86 पदक जीतकर पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वर्ण पदक जीतने पर खिलाडियों को बधाई दी और कहा कि उनकी इस सफलता पर देश को गर्व है।

****************

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। पुरस्कार के लिए पात्र खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के आवेदन पोर्टल dbtyas-sports.gov.in पर अगले महीने की दो तारीख तक जमा कराए जा सकते हैं। आवेदन केवल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भेजे जा सकते हैं।

********समाप्त***********